**सं. एबी-11020/1/2024-सामान्य_समन्वय; ई-27399**

**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

********

**जून, 2024 माह के दौरान विभाग के महत्वपूर्ण विकास और प्रमुख उपलब्धियों का सारांश।**

## 1. <u>टीकाकरण कार्यक्रम- प्रमुख उपलब्धियां</u>

### i. एफएमडी टीकाकरण

जून 2024 माह में कुल 72.72 करोड़ टीकाकरण किए गए।

a. सभी राज्यों में एफएमडी टीकाकरण का तीसरा चरण पूरा हो चुका है और कुल 24.22 करोड़ टीकाकरण किए गए हैं।
b. 11 राज्यों में एफएमडी टीकाकरण का चौथा चरण पूरा हो चुका है और 12 राज्यों में चल रहा है।
c. कर्नाटक और तमिलनाडु में एफएमडी टीकाकरण का पांचवां चरण शुरू हो चुका है।

### ii. ब्रुसेलोसिस टीकाकरण

माह के दौरान कुल 12 लाख ब्रुसेलोसिस टीके लगाए गए (कुल 3.61 करोड़)।

### iii. पेस्टे डेस पेटिट्स रूमिनैंट्स (पीपीआर) टीकाकरण

माह के दौरान 4.4 करोड़ पीपीआर टीकाकरण किए गए (कुल 14.59 करोड़)।

### iv. सीएसएफ (क्लासिकल स्वाइन ज्वर) टीकाकरण

माह के दौरान कुल 0.24 लाख सीएसएफ टीके लगाए गए (कुल 51.38 लाख)।

### v. लम्पी त्वचा रोग (एलएसडी) के लिए टीकाकरण

जून, 2024 तक कुल 3.95 करोड़ टीकाकरण किए गए।

## 2. <u>मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई (एमवीयू)</u>

22 राज्यों में कुल मिलाकर 3,182 एमवीयू कार्यरत हैं। माह के दौरान, 19 राज्यों में 3,72,916 किसान लाभान्वित हुए हैं और 9,04,114 पशुओं का इलाज किया गया।

## 3. <u>भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (वीसीआई) से संबंधित कार्यकलाप/कार्य:</u>

वीसीआई के सदस्यों के चुनाव दिनांक 08.06.2024 को आयोजित हुए; डीएमएस भूमि के हस्तांतरण के लिए पट्टा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

## 4. <u>चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान (सीएसएनआईएएच) से संबंधित कार्यकलाप/कार्य:</u>

विभाग और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के बीच "सीसीएसएनआईएएच बागपत में बायोकंटेनमेंट सुविधा के उन्नयन और संबंधित मरम्मत कार्य" (सेवा और गोपनीयता) के लिए समझौते पर दिनांक 19.06.2024 को हस्ताक्षर किए गए।

## 5. <u>डेयरी प्रभाग:</u>

i. भारत ने दिनांक 26 से 28 जून 2024 तक केरल के कोच्चि में अंतर्राष्ट्रीय डेयरी महासंघ के पहले क्षेत्रीय डेयरी सम्मेलन एशिया प्रशांत क्षेत्र 2024 की मेजबानी की सम्मेलन का विषय था *"डेयरी में किसान केंद्रित नवाचार"* ।

ii. डेयरी में किसान-केंद्रित नवाचार विषय पर आयोजित सम्मेलन में, दुनिया भर के नेताओं और विशेषज्ञों ने विशेष रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र और वैश्विक स्तर पर डेयरी क्षेत्र को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों पर सामूहिक रुप से चर्चा की। डेयरी प्रसंस्करण और परीक्षण उपकरण तथा संबंधित प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने वाले 22 प्रदर्शनी मंडपों के साथ-साथ 17 अलग-अलग स्टार्टअप ने भी इस कार्यक्रम में डेयरी और संबद्ध उद्योगों के बारे में अपने नवाचारों को प्रदर्शित किया।

## 6. <u>अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी):</u>

**जून, 2024 माह के दौरान अधिकारियों द्वारा की गई विदेश यात्राएँ:-**

i. पशुपालन आयुक्त डॉ. अभिजीत मित्रा ने दिनांक 25-28 जून, 2024 के दौरान रोम, इटली में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) और विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूओएएच) द्वारा आयोजित 7वीं पीपीआर सलाहकार समिति की बैठक में भाग लिया।

ii. डॉ. अरुणा शर्मा, उपायुक्त (एलएच) ने दिनांक 12-14 जून, 2024 के दौरान बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित एशिया और प्रशांत क्षेत्र में डब्ल्यूओएचए फोकल प्वांइटस फॉर वेटेरिनरी प्रोडक्ट्स एंड रेगुलेटर्स ऑफ वेटेरिनरी मेडिसिनल प्रोडक्ट्स के लिए सबस्टैंडर्ड एंड फाल्सीफाइड वेटेरिनरी प्रोडक्सट्स (डब्ल्यूओएचए-एसएफवीपी) हेतु वैश्विक सूचना और चेतावनी प्रणाली संबंधी पहली क्षेत्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

iii. डॉ. संदीप शर्मा, निदेशक (एलएच) के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल जिसमें डॉ. गगन गर्ग, डीसी (व्यापार) और श्री अजित कुमार के., सहायक आयुक्त (डेयरी) शामिल थे, ने लेखा परीक्षा प्रणाली को अध्ययन के साथ-साथ पशुधन उत्पादों के व्यापार के लिए बाजार पहुंच संबंधी वार्ता और साथ ही पशुधन क्षेत्र में सहयोग को प्रगाढ़ करने के लिए दिनांक 17-21 जून, 2024 के दौरान थाईलैंड का दौरा किया।

**पशुधन व्यापार के मुद्दों पर जून, 2024 माह के दौरान विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के साथ माननीय पशुपालन और डेयरी मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठकें।**

**i.** पशु चिकित्सा औषधि संकाय, मोल्दोवा टेक्निकल यूनिवर्सिटी की मान्यता पर चर्चा करने के लिए दिनांक 18.06.2024 को सचिव, डीएएचडी और भारत में मोल्दोवा की राजदूत महामहिम श्रीमती एना तबान के बीच एक बैठक हुई।

**ii.** सैनिटरी मुद्दों पर चर्चा करने और यूके से भारत में जिलेटिन के निर्यात के लिए पारस्परिक रूप से सहमत पशु चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाणपत्र का आदान-प्रदान करने

के लिए संयुक्त सचिव (व्यापार) और सुश्री अन्ना शॉटबोल्ट, उप व्यापार आयुक्त, यूके उच्चायोग के बीच दिनांक 03.06.2024 को एक बैठक हुई।

**iii.** डेनमार्क से भारत में दूध और दूध उत्पाद के निर्यात के लिए पारस्परिक रूप से सहमत पशु चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाणपत्र का आदान-प्रदान करने के लिए संयुक्त सचिव (व्यापार) और डेनमार्क के राजदूत महामहिम श्री फ्रेडी स्वेन के बीच दिनांक 04.06.2024 को एक बैठक हुई।

**iv.** दोनों देशों(भारत और रूस) के बीच बाजार पहुंच के मुद्दों पर चर्चा करने और रूस से भारत में पेट फूड्स (कुत्ते और बिल्ली का भोजन) के निर्यात के लिए पारस्परिक रूप से सहमत पशु चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाणपत्र का आदान-प्रदान करने के लिए दिनांक 12.06.2024 को संयुक्त सचिव (व्यापार) और रूसी संघ के दूतावास के कृषि सलाहकार डॉ. कोंस्टेंटिन ए. मालाशेनकोव के बीच एक बैठक आयोजित की गई।

**v.** न्यूजीलैंड से भारत में दूध और दूध उत्पाद के निर्यात के लिए पारस्परिक रूप से सहमत पशु चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र का आदान-प्रदान करने के लिए संयुक्त सचिव (व्यापार) और सुश्री मेलानी फिलिप्स क्षेत्रीय कृषि सलाहकार, न्यूजीलैंड उच्चायोग, नई दिल्ली के बीच दिनांक 20.06.2024 को एक बैठक आयोजित की गई।

**vi.** ब्रिटेन से भारत में दूध और दूध उत्पाद के निर्यात के लिए पारस्परिक रूप से सहमत पशु चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र का आदान-प्रदान करने के लिए संयुक्त सचिव (व्यापार) और सुश्री अन्ना शॉटबोल्ट, उप व्यापार आयुक्त, ब्रिटेन उच्चायोग के बीच दिनांक 20.06.2024 को एक बैठक आयोजित की गई।

**vii.** संयुक्त सचिव (व्यापार) और श्री एंजेलो डी क्विरोज़ मौरिसियो, कृषि अताशे, ब्राजील दूतावास, नई दिल्ली के बीच दिनांक 27.06.2024 को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें ब्राजील से भारत को आनुवंशिक सामग्री, सींग और खुर, पैट फूड्स और मिश्रित आहार के निर्यात सहित दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की गई। इसी तरह, भारतीय पक्ष ने ब्राजील में भारतीय डेयरी उत्पादों (ऊंट का दूध) और भैंस के मांस की बाजार पहुंच को भी हरी झंडी दिखाई।

7. **<u>राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम):</u>**

भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) ने दिनांक 17-23 जून 2024 तक पशु अधिकार सप्ताह मनाया। दिनांक 20.06.2024 को एक दिवसीय वर्चुअल सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें देश भर से 450 लोगों ने भाग लिया।

महिलाओं और अन्य वंचित वर्गों द्वारा योजनाओं के कुशल उपयोग, कौशल विकास और क्षमता निर्माण के लिए दिनांक 25.06.2024 को ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन (टीआरआईएफ) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

8. **<u>दिनांक 21.06.2024 को आयोजित – 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस</u>**

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 21.06.2024 को कृषि भवन में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें केंद्रीय एफएएचडी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने सभी सरकारी अधिकारियों के साथ भाग लिया।

9. **<u>दिनांक 22.06.2024 को आयोजित – विश्व ऊँट दिवस 2024</u>**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय ऊँट वर्ष 2024 के उपलक्ष्य में, आईसीएआर-राष्ट्रीय ऊँट अनुसंधान केंद्र बीकानेर ने दिनांक 22.06.2024 को 'विश्व ऊँट दिवस' मनाया। कार्यक्रम में माउंट आबू, सिरोही के 500 से अधिक ऊँट पालकों, महिला किसानों और उद्यमियों ने भाग लिया।

10. **<u>व्यय</u>**

जून 2024 माह में कुल मिलाकर 313.99 करोड़ रुपये व्यय हुए, जबकि मई 2024 माह में 50.47 करोड़ रुपये व्यय हुए।

11. **<u>शिकायत निवारण:</u>**

सीपीजीआरएएम पोर्टल के अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संबंध में 207 पिछली शिकायतें थीं, 237 इस माह के दौरान प्राप्त हुईं तथा 228 का निपटान कर दिया गया।

***************